समरथ वृद्ध सेवा आश्रम

चर्चा में क्यों?

समरथ वृद्ध सेवा आश्रम योजना 2024 के तहत ज़िला प्रशासन गुरुग्राम में **वृद्धाश्रम** स्थापित करने की तैयारी कर रहा है।

मुख्य बिंदु:

- यह पहल पहले **सरकारी संचालित वृद्धाश्रम** के उद्घाटन का प्रतीक है तथा **गैर-सरकारी संगठनों (NGO)**, ट्रस्टों, सोसायटियों और निगमों से उनके **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR)** प्रयासों के तहत प्रस्तावों का स्वागत किया जा रहा है।
- इस पहल का **उद्देश्य उन बुजुर्गों को आरामदायक और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है** जिन्हें सहायता तथा देखभाल की आवश्यकता है।
- वृद्धाश्रम **अपने निवासियों की भलाई** सुनिश्चित करने के लिये विभिन्न सुविधाएँ और सेवाएँ प्रदान करेगा, जैसे- पौष्टिक भोजन, चिकित्सा देखभाल, मनोरंजक गतिविधियाँ तथा सामाजिक संपर्क के अवसर।
- योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये व्यक्ति के पास **परिवार पहचान-पत्र (PPP)** होना चाहिये।
- इस **योजना में लाभार्थियों को दो समूहों में वर्गीकृत किया गया है:** एक में **वे लोग शामिल हैं जिनकी वार्षिक आय 2 लाख रुपए से कम है,** जबकि दूसरे में वे व्यक्ति शामिल हैं जिनकी **वार्षिक आय 2 लाख रुपए से अधिक है,** लेकिन वे परित्यक्त या देखभाल के अभाव का सामना कर रहे हैं।
    - पहली श्रेणी के अंतर्गत आने वालों को निःशुल्क आवास मिलेगा, जबकि 2 लाख रुपए से अधिक आय वालों को **'भुगतान करो और रहो'** कार्यक्रम (Pay and Stay Program) में नामांकित किया जाएगा, जिसका शुल्क स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

परिवार पहचान-पत्र (PPP)

- राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं, सेवाओं तथा लाभों के **'पेपरलेस' और 'फेसलेस' (Paperless and Faceless)** वितरण के लिये हरियाणा सरकार के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिये जुलाई 2019 में PPP योजना औपचारिक रूप से शुरू की गई थी।
    - इसके अंतर्गत प्रत्येक परिवार को **एक इकाई** माना जाता है और उसे **8 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या** दी जाती है, जिसे **परिवार आईडी** (Family ID) कहा जाता है।
    - परिवार पहचान-पत्र को **छात्रवृत्ति, सब्सिडी और पेंशन** जैसी स्वतंत्र योजनाओं से भी जोड़ा गया है, ताकि स्थिरता तथा विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके।
    - यह विभिन्न योजनाओं, सब्सिडी और पेंशन के लाभार्थियों का **स्वचालित चयन** भी सक्षम बनाता है।
- **परिवार पहचान-पत्र (PPP)** का प्राथमिक उद्देश्य हरियाणा के सभी परिवारों का **प्रामाणिक, सत्यापित और विश्वसनीय डेटा** तैयार करना है।

समरथ वृद्ध सेवा आश्रम योजना, 2024

- यह योजना **हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2024** में शुरू की गई है।
- इस योजना का **मुख्य उद्देश्य राज्य के निवासी वरिष्ठ नागरिकों** को निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान करके उनके **जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है:**
    - **वरिष्ठ नागरिकों के लिये सुरक्षित और आरामदायक** रहने की जगह उपलब्ध कराना तथा उनकी शारीरिक एवं भावनात्मक भलाई सुनिश्चित करना।
    - स्नान, सौंदर्य (ग्रूमिंग) और दवा प्रबंधन जैसी दैनिक गतिविधियों में सहायता करके **स्वतंत्रता तथा स्वायत्तता की भावना को बढ़ावा देना।**
    - दीर्घकालिक बीमारियों या दिव्यांगताओं से ग्रस्त लोगों को **चिकित्सा देखभाल और नर्सिंग सहायता प्रदान करना।**
    - सामाजिक अलगाव को रोकने और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिये **मनोरंजक गतिविधियाँ, सामाजिक कार्यक्रम तथा संगति प्रदान करना।**
    - **वरिष्ठ नागरिकों को नए कौशल सीखने में सहायता करना** और उनके कार्यक्षेत्र में सफलता की ओर उनका मार्गदर्शन करना, उनमें आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरता की भावना उत्पन्न करना।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/samarth-vriddh-sewa-ashram